National Water Management Programme Scheme to improve efficiency of irrigation water use in the country. The National Water Policy (1987) also provides for better water planning and management of the country's water resources. Inter-basin transfer of water is also being contemplated in order to use the surplus monsoon flow. As such there is no apprehension of cutbacks in supply of irrigation water.

(c) There is likely to be no affect on agriculture during the next 5 years.

बाढ़ों के कारण हुई क्षति

451. **श्री ओंकार सिंह लखावतः क्या प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में बाढ़ से प्रति वर्ष राज्यवार औसतन कितनी क्षति होती है; और

(ख) क्या उक्त क्षति को रोकने और अधिशेष जल का उपयोग जल की कमी वाले क्षेत्रों में करने के लिए कोई दीर्घकालीन योजना बनायी जा रही है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सोमपाल): (क) देश में बाढ़ों के कारण हुई वार्षिक औसत क्षति का राज्यवार विवरण संलग्न है। **(नीचे देखिए)**

(ख) जी, हां। जल संसाधन मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय जल अभिकरण अध्ययन कर रहा है जो अन्य बातों के साथ-साथ देश की बृहद नदियों को परस्पर जोड़कर अधिक जल वाले बेसिनों से जल की कमी/सूखा प्रवण क्षेत्रों में जल ले जाने का कार्य करता है। इससे बाढ़ों में कमी आयेगी तथा उससे होने वाली क्षति कम होगी।

विवरण

देश में राज्यवार औसत वार्षिक बाढ़ क्षति

क्र॰ सं॰	राज्य	औसत (करोड़ रु॰ में)
1	2	3
1.	आन्ध्र प्रदेश	257.0526
2.	अरूणाचल प्रदेश	19.2408
3.	असम	130.9842
4.	बिहार	96.2399
5.	गोआ	0
6.	गुजरात	52.8501
7.	हरियाणा	48.1556
8.	हिमाचल प्रदेश	221.3794
9.	जम्मू व कश्मीर	78.7265
10.	कर्नाटक	57.8416
11.	केरल	212.0771
12.	मध्य प्रदेश	3.4401
13.	महाराष्ट्र	49.1997
14.	मणिपुर	0.007
15.	मेघालय	1.45
16.	मिजोरम	2.088
17.	नागालैंड	0
18.	उड़ीसा	124.9022
19.	पंजाब	131.127
20.	राजस्थान	23.1291
21.	सिक्किम	4.036
22.	तमिलनाडु	39.721
23.	त्रिपुरा	0.963
24.	उत्तर प्रदेश	272.7507
25.	पश्चिम बंगाल	37.5243
26.	अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह	0.069
27.	दादर एवं नागर हवेली	0
28.	चण्डीगढ़	0
29.	दिल्ली	0
30.	दमन एवं दीव	3.234
31.	लक्षद्वीप	0
32.	पांडिचेरी	2.7895
	भारत	1870.998